GIC-2018

GIC-2018 Hindi

पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.

# ICL-10

परीक्षा का वर्ष : 2018
प्रश्न-पुस्तिका

Serial No. 310435

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**C**

## राजनीति शास्त्र

## POLITICAL SCIENCE

समय : 2.00 घंटे
पूर्णांक : 200

Time : 2.00 Hours
Maximum Marks : 200

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
3. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. **अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक में अपने अनुक्रमांक, विषय कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज की कोडिंग सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का उपयोग करें । अलग से वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
6. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न (आइटम्स) हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे (a), (b), (c), (d) के रूप में दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए गलत उत्तर के लिए या उम्मीदवार द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए दिए जाने वाले अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. प्रश्नों के उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
10. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें अभी भर लें ।
11. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें । यदि उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड का उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

1. Who among the following is not a critic of the theory of legal sovereignty ?
(a) Krabbe (b) Holland (c) Garner (d) Duguit

2. Which one of the following pair is not correct ?
(a) Partial Test Ban Treaty – 1965
(b) Nuclear Non-Proliferation Treaty – 1968
(c) Comprehensive Test Ban Treaty – 1996
(d) India's Pokhran Nuclear Test – 1998

3. Which of the following is not a characteristics of David Easton's theory of Behaviouralism ?
(a) Systematization (b) Quantification
(c) Credo of Relevance (d) Integration

4. Which one of the following is not a method for the representation of minorities ?
(a) Second Ballot System (b) Separate Electoral System
(c) Functional Representation System (d) List System

5. The theories of Cultural Revolution and Permanent Revolution was given by which of the following statesman ?
(a) Hitler (b) Mao (c) Mussolini (d) Lenin

6. Arrange the following in chronological order :
(i) Nehru Committee Report
(ii) Quit India Movement
(iii) Civil Disobedience Movement
(iv) Declaration of Complete Independence
(a) (ii), (i), (iv), (iii) (b) (iii), (ii), (iv), (i)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (iv), (ii), (i), (iii)

7. Which Article of the Indian Constitution empowers the Parliament to legislate on a subject of the State List ?
(a) Article, 115 (b) Article, 116 (c) Article, 226 (d) Article, 249

8. Which of the following is not correctly matched ?

| | Articles | States Granted Special Provision |
|---|---|---|
| (a) | 371-C | Arunachal Pradesh |
| (b) | 371-D | Andhra Pradesh |
| (c) | 371-G | Mizoram |
| (d) | 371-I | Goa |

1. निम्नलिखित में से कौन सम्प्रभुता के वैधानिक सिद्धान्त का आलोचक नहीं है ?
(a) क्रैब (b) हॉलेण्ड (c) गार्नर (d) डिग्वी

2. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है ?
(a) आंशिक परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि-1965
(b) परमांणु अप्रसार सन्धि-1968
(c) व्यापक परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि-1996
(d) भारत का पोखरण परमाणु परीक्षण-1998

3. निम्नलिखित में से कौन-सा डेविड ईस्टन के व्यवहारवाद के सिद्धान्त का एक लक्षण नहीं है ?
(a) व्यवस्थाबद्धीकरण (b) परमाणीकरण
(c) प्रासंगिकता का सिद्धान्त (d) समग्रता

4. अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व देने की निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति नहीं है ?
(a) द्वितीय मतदान प्रणाली (b) पृथक निर्वाचन प्रणाली
(c) व्यावसायिक प्रतिनिधित्व प्रणाली (d) सूची-प्रणाली

5. सांस्कृतिक क्रान्ति एवं स्थायी क्रान्ति के सिद्धान्तों का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किस राजनेता द्वारा दिया गया ?
(a) हिटलर (b) माओ (c) मुसोलिनी (d) लेनिन

6. निम्नलिखित को उनके कालानुक्रमिक अनुक्रम में व्यवस्थित करें :
(i) नेहरू समिति रिपोर्ट
(ii) भारत छोड़ो आन्दोलन
(iii) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(iv) पूर्ण-स्वतंत्रता की घोषणा
(a) (ii), (i), (iv), (iii) (b) (iii), (ii), (iv), (i)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (iv), (ii), (i), (iii)

7. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद संसद को राज्य-सूची में किसी विषय पर विधि निर्माण की शक्ति प्रदान करता है ?
(a) अनुच्छेद, 115 (b) अनुच्छेद, 116 (c) अनुच्छेद, 226 (d) अनुच्छेद, 249

8. निम्नलिखित में कौन-सा सही सुमेलित नहीं है ?

| | अनुच्छेद | विशेष प्रावधान प्राप्त राज्य |
|---|---|---|
| (a) | 371-C | अरुणाचल प्रदेश |
| (b) | 371-D | आन्ध्र प्रदेश |
| (c) | 371-G | मिज़ोरम |
| (d) | 371-I | गोआ |

9. By which Conference the U.N. Charter on 26th January, 1945 was adopted ?
(a) London Conference (b) Tokyo Conference
(c) San Francisco Conference (d) Dumbarton Oaks Conference

10. The tenure of the President of U.N. General Assembly is
(a) 6 months (b) 12 months (c) 60 months (d) 24 months

11. The Bretton Woods Agreement led to the establishment of which of the following agency ?
(a) United Nations Environment Fund
(b) New International Economic Order
(c) Commission on the Sustainable Development
(d) International Monetary Fund

12. Which one of the following U.N. agencies focuses on poverty reduction and the improvement of living standards world-wide ?
(a) World Bank (b) IMF (c) WHO (d) ILO

13. The primary purpose of the Marshall Plan was
(a) To hinder the rebuilding of wartorn countries under Soviet Control
(b) To create the North Atlantic Treaty Organisation
(c) To stop the increasing domination of Soviet Union
(d) To rebuild Europe from the World War II devastation

14. Which of the following doctrines was concerned with the American policy of 'Containment of Soviet Union' ?
(a) Moonroe doctrine (b) Truman doctrine
(c) Estrada doctrine (d) Clinton doctrine

15. In which year, India established full diplomatic relations with Israel ?
(a) 1989 (b) 1992 (c) 1996 (d) 1998

16. Which one of the following is not a device for maintaining the 'Balance of Power' ?
(a) Policy of Divide and Rule (b) Buffer state
(c) Policy of liberalisation (d) Intervention

17. Which one of the following is not a part of John Rawl's principle of justice ?
(a) Principle of equal justice (b) Principle of equal liberty
(c) Differential principle (d) Principle of fair equality of opportunity

18. Almond's classification of political culture does not include which of the following political systems ?
(a) Continental European Political System
(b) Non-Western Political System
(c) Totalitarian Political System
(d) Communist Political System

9. किस सम्मेलन द्वारा संयुक्त राष्ट्र चार्टर को 26 जनवरी, 1945 में अपनाया गया ?
   (a) लंदन सम्मेलन
   (b) टोक्यो सम्मेलन
   (c) सैनफ्रांसिस्को सम्मेलन
   (d) डंबर्टन ओक्स सम्मेलन

10. संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष का कार्यकाल होता है –
   (a) छ: माह का
   (b) बारह माह का
   (c) साठ माह का
   (d) चौबीस माह का

11. ब्रेटन वुड्स समझौते द्वारा निम्नलिखित में से किस एजेन्सी की स्थापना की गई ?
   (a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कोष
   (b) नव अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था
   (c) सतत् विकास पर आयोग
   (d) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

12. निम्नलिखित में कौन–सी संयुक्त राष्ट्र एजेन्सी गरीबी कम करने और दुनियाभर में जीवन स्तर के सुधार पर केन्द्रित है ?
   (a) विश्व बैंक
   (b) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
   (c) विश्व स्वास्थ्य संगठन
   (d) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

13. मार्शल योजना का प्राथमिक उद्देश्य था –
   (a) सोवियत नियंत्रण के तहत युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण में बाधा डालना ।
   (b) उत्तर एटलाण्टिक सन्धि संगठन बनाना ।
   (c) सोवियत संघ के बढ़ते वर्चस्व को रोकना ।
   (d) द्वितीय विश्वयुद्ध की बर्बादी से यूरोप का पुनर्निर्माण करना ।

14. निम्नलिखित सिद्धान्तों में से कौन–सा 'सोवियत संघ के रोकथाम' की अमेरिकी नीति से सम्बन्धित था ?
   (a) मुनरो सिद्धान्त
   (b) ट्रूमैन सिद्धान्त
   (c) एस्ट्राडा सिद्धान्त
   (d) क्लिंटन सिद्धान्त

15. भारत ने इजराइल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध किस वर्ष स्थापित किए ?
   (a) 1989 में
   (b) 1992 में
   (c) 1996 में
   (d) 1998 में

16. 'शक्ति सन्तुलन' की स्थापना के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा साधन नहीं है ?
   (a) 'विभाजन तथा शासन' की नीति
   (b) मध्यवर्ती राज्य
   (c) उदारीकरण की नीति
   (d) हस्तक्षेप

17. निम्नलिखित में से कौन–सा जॉन राल्स के न्याय सिद्धान्त का भाग नहीं है ?
   (a) समान न्याय का सिद्धान्त
   (b) समान स्वतन्त्रता का सिद्धान्त
   (c) भेदमूलक सिद्धान्त
   (d) अवसर के उचित समानता का सिद्धान्त

18. राजनीतिक संस्कृति के वर्गीकरण में, आमण्ड ने निम्नलिखित में से किस राजनीतिक व्यवस्था को सम्मिलित नहीं किया है ?
   (a) महाद्वीपीय यूरोपियन राजनीतिक व्यवस्था
   (b) गैर–पाश्चात्य राजनीतिक व्यवस्था
   (c) सर्वाधिकारवादी राजनीतिक व्यवस्था
   (d) साम्यवादी राजनीतिक व्यवस्था

19. Which one of the following book was not written by Lenin ?
   (a) 'What is to be done ?'
   (b) 'Philosophy of Marxism'
   (c) 'State and Revolution'
   (d) 'Imperialism : The Highest Stage of Capitalism'

20. Which one of the following budget formats is not an example of the 'management approach' to the budgeting ?
   (a) Zero-base budgeting system
   (b) Performance budgeting system
   (c) Planning programming budgeting system
   (d) Line-item budgeting system

21. Which thinker has expressed the following thought that, 'War is beneficial, as it strengthens patriotism and spirit of adherence towards the state' ?
   (a) Kautilya (b) Lenin (c) Hegel (d) Mao

22. Find out the incorrect pair.
   (a) Jean Blondel – 'Modern Political Analysis'
   (b) David Apter – 'The Politics of Modernisation'
   (c) F.W. Riggs – 'The Theory of Political Development'
   (d) Alan R. Ball – 'Modern Politics and Government'

23. Which thinker may be called as intellectual father of the constitution framers of U.S.A. ?
   (a) Woodrow Wilson (b) John Locke
   (c) Montesquieu (d) Rousseau

24. Riots and demonstrations are the common examples of
   (a) Institutional Interest Groups (b) Associational Interest Groups
   (c) Non-associational Interest Groups (d) Anomic Interest Groups

25. Which one of the following is not correctly matched ?
   (a) Khudi Ram Bose – Judge Kingsford
   (b) Bareandra Kumar Ghosh – Dhaka Conspiracy case
   (c) Tarak Nath Das – Hindustan Association of America
   (d) Lala Hardayal – Yuganter Circular

26. Who among the following was not a member of the Constituent Assembly ?
   (a) Sardar Vallabhbhai Patel (b) K.M. Munshi
   (c) Jaiprakash Narayan (d) J.B. Kripalani

**19.** निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक लेनिन द्वारा नहीं लिखी गई है ?

(a) 'व्हाट इज टू बी डन ?'

(b) 'फिलासॉफी ऑफ मार्क्सिज्म'

(c) 'स्टेट एण्ड रिवोल्युशन'

(d) 'इम्पीरियलिज्म : दि हाईएस्ट स्टेज ऑफ कैपीटलिज्म'

**20.** निम्नलिखित बजट प्रारूपों में कौन-सा, बजट के 'प्रबन्धन दृष्टिकोण' का उदाहरण नहीं है ?

(a) शून्य आधारित बजटन प्रणाली

(b) कार्य-निष्पादक बजटन प्रणाली

(c) योजना-कार्यक्रम बजटन प्रणाली

(d) लाईन-आईटम बजटन प्रणाली

**21.** यह विचार किस विचारक का है कि 'युद्ध हितकर है, क्योंकि इससे देशप्रेम और राज्य भक्ति की भावना की पुष्टि होती है' ?

(a) कौटिल्य (b) लेनिन (c) हीगेल (d) माओ

**22.** त्रुटियुक्त युग्म का पता लगाइए -

(a) जीन ब्लाण्डेल – 'मॉडर्न पॉलिटिकल एनालिसिस'

(b) डेविड एप्टर – 'दि पॉलिटिक्स ऑफ मॉडर्नाइजेशन'

(c) एफ. डब्ल्यू. रिग्स – 'दि थ्योरी ऑफ पॉलिटिकल डेवेलपमेण्ट'

(d) एलेन आर. बाल – 'मॉडर्न पॉलिटिक्स एण्ड गवर्नमेण्ट'

**23.** किस विचारक को अमरीकी संविधान निर्माताओं का बौद्धिक जनक कहा जा सकता है ?

(a) वुडरो विल्सन (b) जॉन लॉक (c) माण्टेस्क्यू (d) रूसो

**24.** उपद्रव एवं प्रदर्शन प्राय: उदाहरण हैं -

(a) संस्थात्मक हित समूह के

(b) समुदायात्मक हित समूह के

(c) असमुदायात्मक हित समूह के

(d) अप्रतिमानित हित समूह के

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(a) खुदीराम बोस – जज किंग्सफोर्ड

(b) बारीन्द्र कुमार घोष – ढाका षड्यंत्र अभियोग

(c) तारकनाथ दास – हिन्दुस्तान एसोसिएशन ऑफ अमेरिका

(d) लाला हरदयाल – युगान्तर सर्कुलर

**26.** निम्नलिखित में से कौन संविधान-सभा का सदस्य नहीं था ?

(a) सरदार वल्लभभाई पटेल

(b) के.एम. मुन्शी

(c) जयप्रकाश नारायण

(d) जे.बी. कृपलानी

27. Fundamental freedoms under Article, 19 are suspended during the Emergency caused by
   (a) Internal disturbances in the state
   (b) Financial crisis
   (c) Failure of constitutional machinery of state
   (d) War or external aggression

28. Which of the following statement is correct regarding the powers of the Prime Minister of India in the formation of his cabinet ?
   (a) Chooses his ministers from among the members of both houses of the Parliament.
   (b) Has full discretion in the choice of the persons who are to serve as minister in his cabinet.
   (c) Can choose his ministers after the due counselling by the President of India in this regard.
   (d) Has only limited powers in the choice of his cabinet colleagues because of the discretionary powers vested in the President of India

29. The rule of passing resolution by 2/3rd majority of total number of members of the House of Parliament is applicable in case of the
   (a) amendment of the constitution
   (b) approval of proclamation of emergency
   (c) impeachment of the President of India
   (d) disapproval of proclamation of emergency

30. The state which has the largest number of seats reserved for Scheduled Tribes in the Lok Sabha is
   (a) Uttarakhand (b) Chhattisgarh (c) Jharkhand (d) Madhya Pradesh

31. Which one of the following statements is correct ?
   (a) Chief Election Commissioner of India holds his office during the pleasure of the President.
   (b) The Governor of the State may be removed by the President at any time.
   (c) The Prime Minister can only be removed by a resolution passed by the both houses of Parliament.
   (d) The Speaker of the Lok Sabha can be removed by the President.

32. Which one of the following subjects is <u>not</u> a part of the Eleventh Schedule of the Constitution of India ?
   (a) Poverty Alleviation Programme
   (b) Women and Child Development
   (c) Vital statistics including registration of births and deaths
   (d) Technical training and vocational education

33. Which one of the following comes under the jurisdiction of both the High Courts and the Supreme Court ?
   (a) Disputes between the centre and the states
   (b) Protection of fundamental rights
   (c) Protection against the violation of the constitution
   (d) Disputes between two states

27. अनुच्छेद 19 में निहित मौलिक स्वतन्त्रताएँ किस आपातकालीन स्थिति के कारण स्थगित की जाती हैं ?
   (a) राज्य में आन्तरिक उथल-पुथल होना
   (b) वित्तीय संकट होने पर
   (c) एक राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता पर
   (d) युद्ध अथवा बाह्य आक्रमण के कारण

28. निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य भारतीय प्रधानमंत्री की अपनी कैबिनेट की संरचना के संदर्भ में सही है ?
   (a) संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से अपने मंत्रियों का चयन करता है ।
   (b) उसको अपने स्व-विवेक द्वारा ऐसे लोगों का चयन करने की पूर्ण स्वतन्त्रता होती है, जो उसके मंत्रिपरिषद में मंत्रियों के रूप में सेवा करेंगे ।
   (c) इस सम्बन्ध में भारत के राष्ट्रपति से यथाविधि सम्मति के उपरान्त वह अपने मंत्रियों को चुन सकता है ।
   (d) अपने कैबिनेट के सहयोगियों के चयन हेतु उसकी शक्तियाँ सीमित हैं क्योंकि भारत के राष्ट्रपति में स्व-विवेकीय शक्तियाँ निहित हैं ।

29. संसद के सदन की कुल संख्या के दो-तिहाई बहुमत के द्वारा प्रस्ताव के पारित किये जाने का नियम निम्न दशा में लागू किया जाता है :
   (a) संविधान का संशोधन
   (b) आपातकाल के प्रभावी होने का अनुमोदन
   (c) भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना
   (d) आपातकाल के प्रभावी होने की अस्वीकृति

30. किस राज्य में लोक सभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या सर्वाधिक है ?
   (a) उत्तराखण्ड
   (b) छत्तीसगढ़
   (c) झारखण्ड
   (d) मध्य प्रदेश

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है ?
   (a) भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपने पद पर राष्ट्रपति के प्रसाद-पर्यन्त बना रह सकता है ।
   (b) राज्य का राज्यपाल राष्ट्रपति द्वारा कभी भी हटाया जा सकता है ।
   (c) प्रधानमंत्री को संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित प्रस्ताव के द्वारा हटाया जा सकता है ।
   (d) लोकसभा के स्पीकर को राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है ।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची का भाग नहीं है ?
   (a) गरीबी-उन्मूलन कार्यक्रम
   (b) महिला एवं बाल विकास
   (c) जैव-सांख्यिकी जिसके अन्तर्गत जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण भी है ।
   (d) तकनीकी प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक शिक्षा ।

33. निम्नलिखित में कौन-सा विकल्प उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय दोनों के अधिकार-क्षेत्र में होता है ?
   (a) केन्द्र एवं राज्यों के मध्य विवाद
   (b) मौलिक अधिकारों का संरक्षण
   (c) संविधान के उल्लंघन के विरुद्ध संरक्षण
   (d) दो राज्यों के मध्य विवाद

34. 'Judicial Review' function of the Supreme Court means the powers to
(a) review its own judgement.
(b) review its functioning of judiciary in the country.
(c) examines the constitutional validity of the legislation made by the legislature.
(d) under periodic review of the constitution.

35. Smt. Belamati Chauhan and Smt. Hansa Dhanai were the martyrs of Uttarakhand State Movement. Point out the place of their 'Martyrdom'.
(a) Khatima (b) Haldwani (c) Mussoorie (d) Rampur Tiraha

36. Which one of the following is not a feature of power ?
(a) Power is relational. (b) Power is unilateral.
(c) Power is bilateral. (d) Power is situational.

37. Which of the following is not a supporter of popular sovereignty ?
(a) John Austin (b) Rousseau (c) Lord Bryce (d) Gilchrist

38. How many chapters are there in Manusmriti ?
(a) 10 (b) 11 (c) 12 (d) 15

39. Who wrote the book 'Thoughts on Pakistan' ?
(a) Mahatma Gandhi (b) Jinnah
(c) Mohammad Iqbal (d) B.R. Ambedkar

40. The meeting of Council of Ministers in a State is presided by
(a) The Governor (b) The President
(c) The Prime Minister (d) The Chief Minister

41. The system of Public Interest Litigation has been introduced in India
(a) Through Constitutional Amendment
(b) By Judicial initiative
(c) By Political Parties
(d) By a Parliamentary Act

42. Who presided over the first session of Indian National Congress ?
(a) A.O. Hume (b) W.C. Banerjee
(c) Kadambini Ganguly (d) Anand Mohan Bose

43. According to 2011 Census the least densely populated district in Uttarakhand is
(a) Uttarkashi (b) Chamoli (c) Pithoragarh (d) Champawat

44. Which of the following is not a characteristics of Indian Constitution ?
(a) Parliamentary Government (b) Fundamental Rights
(c) Dual Citizenship (d) Written Constitution

34. सर्वोच्च न्यायालय के 'न्यायिक पुनर्विलोकन' प्रकार्य का तात्पर्य उस शक्ति से है –
(a) वह अपने ही निर्णय की समीक्षा करता है ।
(b) वह देश में न्यायपालिका की कार्यविधि की समीक्षा करता है ।
(c) वह विधान-मण्डल द्वारा निर्मित कानूनों की संवैधानिक वैधता का परीक्षण करता है ।
(d) वह संविधान की नियतकालिक समीक्षा का कार्य करता है ।

35. श्रीमती बेलमती चौहान और श्रीमती हंसा धनाई उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन की शहीद थीं । उनके शहादत का स्थान इंगित कीजिए ।
(a) खटीमा (b) हल्दवानी (c) मसूरी (d) रामपुर तिराहा

36. निम्नलिखित में से कौन-सी शक्ति की विशेषता नहीं है ?
(a) शक्ति सम्बन्धात्मक होती है । (b) शक्ति एक-पक्षीय होती है ।
(c) शक्ति द्विपक्षीय होती है । (d) शक्ति स्थितिजन्य होती है ।

37. निम्नलिखित में से कौन 'लौकिक सम्प्रभुता' का समर्थक नहीं है ?
(a) जॉन आस्टिन (b) रूसो (c) लॉर्ड ब्राईस (d) गिलक्राईस्ट

38. मनुस्मृति के कितने अध्याय हैं ?
(a) 10 (b) 11 (c) 12 (d) 15

39. 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' पुस्तक किसने लिखी ?
(a) महात्मा गांधी (b) जिन्ना (c) मोहम्मद इकबाल (d) बी.आर. अम्बेडकर

40. राज्य के मंत्रिमण्डल की बैठक की अध्यक्षता करता है –
(a) राज्यपाल (b) राष्ट्रपति (c) प्रधानमंत्री (d) मुख्यमंत्री

41. भारत में जनहित याचिका व्यवस्था की शुरुआत हुई –
(a) सांविधानिक संशोधन द्वारा (b) न्यायिक पहल द्वारा
(c) राजनीतिक दलों द्वारा (d) एक संसदीय अधिनियम द्वारा

42. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की ?
(a) ए.ओ. ह्यूम (b) डब्ल्यू.सी. बनर्जी (c) कादम्बिनी गाँगुली (d) आनन्द मोहन बोस

43. 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तराखण्ड का सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला जिला था
(a) उत्तरकाशी (b) चमोली (c) पिथौरागढ़ (d) चम्पावत

44. निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय संविधान की विशेषता नहीं है ?
(a) संसदात्मक शासन (b) मौलिक अधिकार
(c) दोहरी नागरिकता (d) लिखित संविधान

45. Who wrote the book 'Caste in Indian Politics' ?
(a) Iqbal Narayan (b) Rajni Kothari
(c) Morris Jones (d) D.D. Basu

46. State Cabinet is accountable for their functions to
(a) Governor (b) Vidhan Sabha (c) The President (d) Vidhan Parishad

47. Who presides over the joint session of Indian Parliament ?
(a) Prime Minister (b) President
(c) Vice President (d) Speaker of Lok Sabha

48. From which country's constitution 'the concurrent list' was adopted in Indian Constitution ?
(a) Australia (b) Ireland (c) U.S.A. (d) Britain

49. Panchayati Raj System is based on
(a) Centralisation of Power (b) Rural Development
(c) Co-operation of Administration (d) Decentralisation of Powers

50. Who propounded the theory of legal sovereignty ?
(a) Almond (b) Augustine (c) Austin (d) Aristotle

51. Which one of the following is correct about political socialisation ?
(a) It is a continuous process. (b) It is not there in every society.
(c) It is an old concept. (d) All of the above

52. Which one of the following thinker has strongly supported the women franchise ?
(a) Aristotle (b) Lenin (c) Jermy Bentham (d) J.S. Mill

53. Who said, 'Liberty is the opposite of over-government' ?
(a) Laski (b) Barker (c) Garner (d) Seeley

54. How many members of Parliament are elected from Uttarakhand ?
(a) 5 (b) 4 (c) 6 (d) 7

55. Which theory of state was propounded by Kautilya ?
(a) Theory of Justice (b) Saptang Theory
(c) Divine Theory (d) Theory of Danda

45. 'कास्ट इन इण्डियन पोलिटिक्स' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे ?
(a) इकबाल नारायण
(b) रजनी कोठारी
(c) मोरिस जोन्स
(d) डी.डी. बसु

46. राज्य मंत्रि–परिषद अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी है
(a) राज्यपाल के प्रति
(b) विधानसभा के प्रति
(c) राष्ट्रपति के प्रति
(d) विधान परिषद के प्रति

47. भारतीय संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता कौन करता है ?
(a) प्रधानमंत्री
(b) राष्ट्रपति
(c) उपराष्ट्रपति
(d) लोकसभा का अध्यक्ष

48. भारतीय संविधान में 'समवर्ती सूची' को किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया है ?
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) आयरलैण्ड (c) स.रा. अमेरिका (d) ब्रिटेन

49. पंचायती राज प्रणाली आधारित है –
(a) शक्ति के केन्द्रीकरण पर
(b) ग्रामीण विकास पर
(c) प्रशासन के सहयोग पर
(d) सत्ता के विकेन्द्रीकरण पर

50. कानूनी सम्प्रभुता का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?
(a) आमण्ड (b) ऑगस्टिन (c) ऑस्टिन (d) अरस्तू

51. राजनीतिक सामाजीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है ?
(a) यह एक निरन्तर प्रक्रिया है ।
(b) यह प्रक्रिया प्रत्येक समाज में नहीं होती है ।
(c) यह एक प्राचीन धारणा है ।
(d) उपरोक्त सभी

52. किस विचारक ने महिला मताधिकार का प्रबल समर्थन किया है ?
(a) अरस्तू (b) लेनिन (c) जेरेमी बेन्थम (d) जे.एस. मिल

53. किसने कहा कि, 'स्वतन्त्रता अतिशासन का विलोम है' ?
(a) लास्की (b) बार्कर (c) गार्नर (d) सीले

54. उत्तराखण्ड से कितने सांसद लोकसभा के लिए निर्वाचित होते हैं ?
(a) 5 (b) 4 (c) 6 (d) 7

55. कौटिल्य द्वारा राज्य के किस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया ?
(a) न्याय का सिद्धान्त
(b) सप्तांग सिद्धान्त
(c) दैवी सिद्धान्त
(d) दण्ड का सिद्धान्त

56. Who was the author of 'The Study of Administration' published in 1887 ?
(a) Marshall E. Dimock
(b) Woodrow Wilson
(c) F. Merson
(d) Charles E. Beard

57. Who had propounded the theory of 'Bridge System' to overcome the demerits of Hierarchy ?
(a) W.F. Willoughby
(b) L.D. White
(c) Henry Fayol
(d) P.H. Appleby

58. What is the meaning of the principle of 'Unity of Command' ?
(a) To get command from many officers.
(b) To get command from only one officer.
(c) To obey two different commands.
(d) All of the above

59. Indian Institute of Public Administration is situated at
(a) New Delhi (b) Lucknow (c) Bengaluru (d) Mumbai

60. Under who's leadership Hawthorne Experiments were carried out ?
(a) Pfiffner (b) Elton Mayo (c) Gullick (d) W. Wilson

61. 'POSDCORB View' is associated with
(a) E.N. Gladden (b) L.D. White (c) W.F. Willoughby (d) Luther Gullick

62. Who was the first person who coined the term 'Bureaucracy' ?
(a) V. de Gornay (b) Mosca (c) Max Weber (d) Michelles

63. Which one of the following is a distinctive characteristics of Bureaucracy according to Max Weber ?
(a) Charismatic Authority
(b) Traditional Authority
(c) Elitist Authority
(d) Legal Rational Authority

64. Indian Police Service comes under which of the following Department/Ministry ?
(a) Personnel and Training Dept.
(b) Law Ministry
(c) Home Ministry
(d) Human Resource Development Ministry

65. The Comptroller and Auditor General of India is appointed by
(a) The Prime Minister
(b) The Governor
(c) The Home Minister
(d) The President

66. Where is Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration situated in India ?
(a) New Delhi (b) Mussoorie (c) Shimla (d) Hyderabad

56. 1887 में प्रकाशित पुस्तक 'दि स्टडी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन' के लेखक कौन थे ?
(a) मार्शल ई. डिमॉक
(b) वुडरो विल्सन
(c) एफ. मरसन
(d) चार्ल्स ई. बियर्ड

57. पदसोपान व्यवस्था के दोषों को दूर रहने के लिए किसने 'पुल व्यवस्था' का प्रतिपादन किया था ?
(a) डब्ल्यू. एफ. विलोबी ने
(b) एल. डी. व्हाईट ने
(c) हेनरी फेयोल ने
(d) पी.एफ. एप्पलबी ने

58. 'आदेश की एकता' सिद्धान्त से क्या तात्पर्य है ?
(a) बहुत से अधिकारियों से आदेश ग्रहण करना ।
(b) अपने से ऊपर केवल एक अधिकारी से आदेश प्राप्त करना ।
(c) दो परस्पर विरोधी आदेशों का पालन करना ।
(d) उपर्युक्त सभी

59. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान स्थित है –
(a) नई दिल्ली में
(b) लखनऊ में
(c) बेंगलुरु में
(d) मुम्बई में

60. 'हाथोर्न प्रयोगों' को किसके नेतृत्व में किया गया था ?
(a) फिफनर के
(b) एल्टन मेयो के
(c) गुलिक के
(d) वुडरो विल्सन के

61. 'पोस्डकॉर्ब दृष्टिकोण' सम्बन्धित है –
(a) ई.एन. ग्लैडन
(b) एल.डी. व्हाईट
(c) डब्ल्यू.एफ. विलोबी
(d) लूथर गुलिक

62. 'ब्यूरोक्रैसी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?
(a) वि.डि गॉर्ने ने
(b) मोस्का ने
(c) मैक्स वेबर ने
(d) मिशेल्स ने

63. निम्नलिखित में मैक्स वेबर के अनुसार नौकरशाही का विशिष्ट गुण क्या है ?
(a) चमत्कारी सत्ता
(b) परम्परागत सत्ता
(c) विशिष्ट वर्गवादी सत्ता
(d) विधिक बौद्धिक सत्ता

64. भारतीय पुलिस सेवा निम्न में से किस विभाग/मंत्रालय के अधीन आती है ?
(a) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के
(b) कानून मंत्रालय के
(c) गृह मंत्रालय के
(d) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के

65. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति की जाती है –
(a) प्रधानमंत्री द्वारा
(b) राज्यपाल द्वारा
(c) गृह मंत्री द्वारा
(d) राष्ट्रपति द्वारा

66. भारत में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासकीय एकेडेमी कहाँ स्थित है ?
(a) नई दिल्ली में
(b) मसूरी में
(c) शिमला में
(d) हैदराबाद में

67. What is the feature of training ?
(a) Preparation (b) Orientation (c) Knowledge (d) All of the above

68. Which country made public service recruitments through competition in ancient times ?
(a) China (b) England (c) Prussia (d) France

69. Who said that 'Public Administration consists of all those operations having for their purpose, the fulfilment or enforcement of public policy" ?
(a) L.D. White (b) John M. Pfiffner (c) Simon (d) E.N. Gladen

70. Who has named hierarchy as scalar process ?
(a) L.D. White (b) Simon
(c) Mooney and Reiley (d) Sechler Hudson

71. Who has given the idea of four bases of departmental organisation ?
(a) Helden (b) S. Wallace (c) Henry Fayol (d) Luther Gullick

72. Which Article of Indian Constitution is related to the formation of Finance Commission ?
(a) Article, 280 (b) Article, 315 (c) Article, 340 (d) Article, 324

73. Asheton Committee Report is related to
(a) Corruption (b) Recruitment (c) Promotion (d) Training

74. Who among the following is considered as Father of Public Administration ?
(a) L.D. White (b) Woodrow Wilson
(c) Luther Gullick (d) Gladen

75. Who among the following is the author of 'Reinventing Government' a book written on Good Governance ?
(a) David Osborne and Ted Gaebler (b) Paul H. Appleby
(c) E.N. Gladen (d) Pfiffner & Presthus

76. The elections to the Constituent Assembly under the Cabinet Mission Plan were held in
(a) July, 1946 (b) December, 1946 (c) January, 1947 (d) August, 1947

77. The term city-state is generally associated with
(a) Ancient China (b) Ancient Egypt (c) Ancient Greece (d) Ancient India

78. The Non-Cooperation Movement was ultimately withdrawn by Mahatma Gandhi
(a) On the direction of the party
(b) On account of violent incident at Chauri-Chaura
(c) On account of amicable settlement with British Government
(d) On account of excessive repression by government

67. प्रशिक्षण की विशेषता क्या है ?

(a) तैयारी (b) अभिविन्यास (c) ज्ञान (d) उपर्युक्त सभी

68. प्राचीन काल में किस देश में प्रतियोगिता के माध्यम से लोक सेवा में भर्ती होती थी ?

(a) चीन में (b) इंग्लैण्ड में (c) प्रशिया में (d) फ्रान्स में

69. किसने कहा कि, 'लोक प्रशासन में वे सभी कार्य आ जाते हैं, जिनका उद्देश्य लोक नीति को पूरा करना अथवा क्रियान्वित करना होता है' ?

(a) एल.डी. व्हाईट ने (b) जॉन एम. फिफनर ने
(c) साइमन ने (d) ई.एन. ग्लैडन ने

70. किसने पदसोपान को स्केलर पद्धति का नाम दिया है ?

(a) एल.डी. व्हाईट ने (b) साइमन ने
(c) मूने एवं रैले ने (d) सेकलर हडसन ने

71. विभागीय संगठन के चार आधारों का विचार किसने दिया है ?

(a) हेल्डन ने (b) एस. वालास ने (c) हेनरी फेयोल ने (d) लूथर गुलिक ने

72. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद वित्त आयोग के गठन से सम्बन्धित है ?

(a) अनुच्छेद, 280 (b) अनुच्छेद, 315 (c) अनुच्छेद, 340 (d) अनुच्छेद, 324

73. एशेटन समिति प्रतिवेदन सम्बन्धित है –

(a) भ्रष्टाचार से (b) भर्ती से (c) पदोन्नति से (d) प्रशिक्षण से

74. निम्नलिखित में से कौन लोक प्रशासन का जनक माना जाता है ?

(a) एल.डी. व्हाईट (b) वुडरो विल्सन (c) लूथर गुलिक (d) ग्लैडन

75. निम्नलिखित में से कौन सुशासन पर लिखी गयी पुस्तक 'रिइन्वेण्टिंग गवर्नमेण्ट' के लेखक हैं ?

(a) डेविड ओसबोर्न एवं टेड गैबलर (b) पॉल एच. एप्पलबी
(c) ई.एन. ग्लैडन (d) फिफनर एवं प्रेस्थस

76. कैबिनेट मिशन योजना के अन्तर्गत संवैधानिक सभा के चुनाव आयोजित किये गये

(a) जुलाई, 1946 में (b) दिसम्बर, 1946 में (c) जनवरी, 1947 में (d) अगस्त, 1947 में

77. नगर-राज्य शब्दावली सम्बन्धित है –

(a) प्राचीन चीन से (b) प्राचीन मिस्र से (c) प्राचीन यूनान से (d) प्राचीन भारत से

78. महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अन्ततः वापिस लिया गया –

(a) पार्टी के दिशा-निर्देशों पर
(b) चौरी-चौरा में हिंसक वारदात होने के कारण
(c) ब्रिटिश सरकार के साथ शान्तिपूर्ण समाधान होने पर
(d) सरकार द्वारा दमनकारी कार्यवाही होने के कारण

79. Which of the following hampers the growth of healthy public opinion ?
(a) Free Press (b) Positive Journalism
(c) Communal Propaganda (d) Speeches of President

80. Which one of the following is not the function of Political Parties in Democracy ?
(a) Formulation of public opinion (b) Formulation of government
(c) Expansion of political consciousness (d) To control the press

81. The main objective of 'Home Rule Movement' was
(a) Complete Independence for India
(b) Self-Government for India
(c) Immediate Independence for India
(d) None of the above

82. The ultimate goal of Marx was to establish
(a) A casteless-society (b) A society based on religion
(c) A classless-society (d) A society based on morality

83. Modern liberalism differs from classical liberalism in so far as
(a) It does not support individual liberty.
(b) It is against democratic institutions.
(c) It pleads for free enterprises.
(d) It stands for a world free from all forms of tyranny and exploitation.

84. Who was the Chairperson of the Drafting Committee of the Constituent Assembly ?
(a) Dr. Rajendra Prasad (b) Dr. B.R. Ambedkar
(c) C. Rajgopalachari (d) Jawaharlal Nehru

85. Who among the following is not associated with Elitist theory of Democracy ?
(a) V. Pareto (b) G. Mosca (c) Robert Michels (d) David Easton

86. Post-behaviouralism gives emphasis on
(a) Relevance (b) Action
(c) Both (a) and (b) (d) None of the above

87. What are the chief variables of David Easton's Input-Output analysis ?
(a) Demand (b) Support (c) Feedback (d) All of the above

88. Who said that 'The State is not merely an association of associations, it is the supreme association' ?
(a) Plato (b) Aristotle (c) Machiavelli (d) Bodin

89. The gap between the two sessions of the Parliament should not be more than
(a) one month (b) three months (c) six months (d) nine months

79. निम्नलिखित में से कौन एक स्वस्थ जनमत के विनिर्माण में बाधा है ?
(a) स्वतंत्र प्रेस
(b) सकारात्मक पत्रकारिता
(c) साम्प्रदायिक प्रचार-प्रसार
(d) राष्ट्रपति के भाषण

80. प्रजातंत्र में राजनीतिक दलों के निम्नलिखित में से कौन से कार्य नहीं हैं ?
(a) लोकमत का निर्माण करना ।
(b) सरकार का गठन करना ।
(c) राजनीतिक चेतना का प्रसार करना ।
(d) प्रेस को नियंत्रित करना ।

81. 'होमरुल आन्दोलन' का मुख्य उद्देश्य था –
(a) भारत के लिए पूर्ण स्वतन्त्रता
(b) भारत के लिए स्वशासन
(c) भारत के लिए त्वरित स्वतंत्रता
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

82. मार्क्स का अनन्तिम उद्देश्य स्थापित करना था –
(a) एक जातिविहीन समाज
(b) धर्म पर आधारित एक समाज
(c) एक वर्गविहीन समाज
(d) नैतिकता पर आधारित एक समाज

83. आधुनिक उदारवाद, पारंपरिक उदारवाद से भिन्न है क्योंकि
(a) यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता ।
(b) यह प्रजातांत्रिक संस्थाओं के विरुद्ध है ।
(c) यह स्वतंत्र उद्यमिता की वकालत करता है ।
(d) यह विश्व को सभी प्रकार के अत्याचारों एवं शोषण से मुक्त रखना चाहता है ।

84. संविधान सभा की प्रारूप-समिति का अध्यक्ष कौन था ?
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(c) सी. राजगोपालाचारी
(d) जवाहरलाल नेहरू

85. निम्नलिखित में से कौन लोकतंत्र के विशिष्ट वर्गीय सिद्धान्त से सम्बन्धित नहीं है ?
(a) वी. पैरेटो (b) जी. मोस्का (c) रॉबर्ट मिचेल्स (d) डेविड ईस्टन

86. उत्तर-व्यवहारवाद बल देता है –
(a) उपादेयता पर
(b) कृत्य पर
(c) (a) और (b) दोनों पर
(d) उपरोक्त में से किसी पर नहीं

87. डेविड ईस्टन के आगत-निर्गत विश्लेषण के मुख्य चर क्या हैं ?
(a) माँग (b) समर्थन (c) पुन:निवेश (d) उपरोक्त सभी

88. किसने कहा कि 'राज्य केवल समुदायों का समुदाय नहीं है; यह एक सर्वोच्च समुदाय है' ?
(a) प्लेटो ने (b) अरस्तू ने (c) मैकियावेली ने (d) बोदाँ ने

89. संसद के दो सत्रों के मध्य का अधिकतम अन्तराल नहीं होना चाहिए –
(a) एक माह से अधिक
(b) तीन माह से अधिक
(c) छह माह से अधिक
(d) नौ माह से अधिक

90. Generally the periphery countries are dependent on the centre for
(a) Minerals
(b) Raw materials
(c) Manufactured goods
(d) All of the above

91. Who said that 'The business of government is to promote the happiness of the society by punishing and rewarding' ?
(a) Jermy Bentham
(b) J.S. Mill
(c) Hegel
(d) Aristotle

92. What are the institutions of 'Civil Society' according to Antonio Gramsci ?
(a) Family
(b) School
(c) Religious institutions
(d) All of the above

93. Who among the following women are associated with the Uttarakhand State Movement ?
(a) Belmati Chauhan
(b) Hansa Dhanai
(c) Susheela Baluni
(d) All of the above

94. Which one of the following authorities is authorised by the Constitution to impose reasonable restrictions on Fundamental Rights ?
(a) The Parliament
(b) The Supreme Court
(c) The President
(d) None of the above

95. Which one of the following has given a commendable concept for the balance between liberty and equality ?
(a) Robert Nozick (b) F.A. Hayek (c) John Rawls (d) Antonio Gramsci

96. What are the essential conditions for the successful organisation of Federal Government ?
(a) Geographical Contiguity
(b) Similarity of social and political institutions
(c) Centre-state co-ordination
(d) All of the above

97. The main objective of the Directive Principles of State Policy is to
(a) establish political democracy in the country
(b) establish social and economic democracy in the country
(c) raise the moral and ethical standards of the people
(d) establish a police state in the country

98. Who among the following has termed Pressure Groups as 'Anonymous Empire' ?
(a) Lucian Pye (b) Almond (c) S.E. Finer (d) F.W. Riggs

99. Which one of the following political theories considers the state as a necessary evil ?
(a) Socialism (b) Anarchism (c) Fascism (d) Individualism

100. Who among the following is credited to have revived the idea of social contract in a new form ?
(a) Nozick (b) Rawls (c) Oakshott (d) Hannah Arendt

90. आमतौर पर परिधीय देश केन्द्र पर निर्भर होते हैं –
(a) खनिज पदार्थों के लिए (b) कच्चे माल के लिए
(c) निर्मित सामान के लिए (d) उपरोक्त सभी के लिए

91. किसने कहा कि 'दण्ड एवं पुरस्कार के द्वारा समाज के सुख की वृद्धि करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है' ?
(a) जेरेमी बेन्थम ने (b) जे.एस. मिल ने (c) हीगेल ने (d) अरस्तू ने

92. एंटोनियो ग्राम्शी के अनुसार 'नागरिक समाज' की संस्थाएँ क्या हैं ?
(a) परिवार (b) पाठशाला (c) धार्मिक संस्थाएँ (d) उपरोक्त सभी

93. निम्नलिखित महिलाओं में से कौन उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन से सम्बन्धित है ?
(a) बेलमती चौहान (b) हंसा धनाई (c) सुशीला बलूनी (d) उपरोक्त सभी

94. संविधान के द्वारा निम्न में से कौन सी संस्था मौलिक अधिकारों पर युक्ति संगत प्रतिबन्ध रोपित कर सकती है ?
(a) संसद (b) सर्वोच्च न्यायालय (c) राष्ट्रपति (d) इनमें से कोई नहीं

95. निम्नलिखित में से किसके द्वारा स्वतंत्रता और समानता के मध्य संतुलन बनाने का सराहनीय सिद्धान्त दिया गया ?
(a) रॉबर्ट नोजिक (b) एफ.ए. हेयक (c) जॉन राल्स (d) एंटोनियो ग्राम्शी

96. संघात्मक सरकार के सफल संगठन हेतु आवश्यक शर्तें क्या है ?
(a) भौगोलिक समीपता
(b) सामाजिक और राजनीतिक संस्थाओं में समानता
(c) केन्द्र–राज्य समन्वय
(d) उपरोक्त सभी

97. राज्य के नीति–निर्देशक सिद्धान्तों का मुख्य उद्देश्य है –
(a) देश में राजनीतिक प्रजातंत्र की स्थापना
(b) देश में सामाजिक एवं आर्थिक प्रजातंत्र की स्थापना
(c) लोगों के नैतिक एवं उच्च आचरण को प्रोत्साहन देना
(d) देश में पुलिस राज्य की स्थापना करना

98. निम्नलिखित में से किसने दबाव समूह को 'अनाम साम्राज्य' की संज्ञा दी है ?
(a) लुसियन पाई (b) आमण्ड (c) एस.ई. फाइनर (d) एफ. डब्ल्यू. रिग्स

99. निम्नलिखित राजनीतिक सिद्धान्तों में से कौन सा राज्य को एक आवश्यक बुराई मानता है ?
(a) समाजवाद (b) अराजकतावाद (c) फासीवाद (d) व्यक्तिवाद

100. निम्नलिखित में से किसे सामाजिक समझौते के विचार को नये रूप में प्रस्तुत करने के लिए श्रेय दिया जाता है ?
(a) नोजिक (b) राल्स (c) ओकशॉट (d) हन्ना अरेण्ड

## Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह